1(1)

# कार्यालय उ0प्र0 सूचना आयोग, RTI भवन, विभूति खण्ड, लखनऊ

पत्रांक 215 /उ0प्र0सू0आ0/रजिस्ट्रार/1(1)/2019 दिनांकः 01:दिसम्बर:2021

## कार्यालय आदेश

कार्यालय आदेश संख्या 34/उ0प्र0सू0आ0/रजिस्ट्रार 1(2)/2020 दिनॉक 04 फरवरी, 2021 के माध्यम से उत्तर प्रदेश सूचना का अधिकार नियमावली, 2015 के नियम–12 के तहत प्रस्तुत किये जाने वाले आदेश वापसी आवेदन का प्रारूप निर्धारित किया गया था, तथा आयोग में आने वाले आदेश वापसी आवेदनों की संवीक्षा हेतु आठ बिन्दुओं की चेकलिस्ट निर्धारित की गयी थी। उक्त आठ बिन्दुओं की चेकलिस्ट को कार्यालय आदेश संख्या 181/रा0सू0आ0/रजि0 /2021 दिनॉक 06 अक्टूबर, 2021 के साथ संलग्न बारह बिन्दुओं की नई चेकलिस्ट के द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था। इस प्रकार निर्धारित किये गये आदेश वापसी आवेदन के प्रारूप एवं चेकलिस्ट में कुछ संशोधन की आवश्यकता का अनुभव किया गया है।

अतः अब पूर्व में निर्गत कार्यालय आदेश संख्या 34/उ0प्र0सू0आ0/रजिस्ट्रार 1(2)/2020 दिनॉक 04 फरवरी, 2021 एवं आदेश संख्या 181/रा0सू0आ0/रजि0 /2021 दिनॉक 06 अक्टूबर, 2021 को अधिकमित करते हुए आदेश वापसी आवेदन इस कार्यालय आदेश के परिशिष्ट–1 में दिये गये प्रारूप में प्रस्तुत किये जायेगें तथा आदेश वापसी आवेदनों की संवीक्षां परिशिष्ट–2 में दी गयी चेकलिस्ट के आधार पर की जायेगी।

यह आदेश मा0 मुख्य सूचना आयुक्त के अनुमोदनोपरान्त जारी किये जा रहे हैं एवं तात्कालिक प्रभाव से लागू होंगे।

1/12/2021

(प्रशान्त बिलगैयाँ)
रजिस्ट्रार

1) प्रतिलिपि निजी सचिव, मा0 राज्य मुख्य सूचना आयुक्त को इस आशय से कि वह मा0 राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत करें।
2) प्रतिलिपि निजी सचिव, मा0 राज्य सूचना आयुक्तगण को इस आशय से कि वह मा0 राज्य सूचना आयुक्त के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत करें।
3) सचिव, उ0प्र0 सूचना आयोग।
4) उप सचिव, उ0प्र0 सूचना आयोग।
5) प्रशासनिक/जन सूचना अधिकारी, उ0प्र0सूचना आयोग।
6) शोध अधिकारीगण, उ0प्र0 सूचना आयोग।
7) संवीक्षा पटल

1/12/2021

(प्रशान्त बिलगैयाँ)
रजिस्ट्रार

परिशिष्ट–1

## उ0प्र0 सूचना का अधिकार नियमावली, 2015 के नियम–12 के तहत आदेश वापसी आवेदन

(दो प्रतियों में)

सेवा में,

उत्तर प्रदेश सूचना आयोग,
"RTI भवन", 7/7/ए, विभूति खण्ड,
गोमती नगर,लखनऊ।

| | | |
|---|---|---|
| 1) | अपील/शिकायत संख्या (जिससे आदेश वापसी आवेदन सम्बन्धित है) | |
| 2) | आवेदक का नाम/पता/ मो0नं0 | |
| 3) | जिस आदेश की वापसी की प्रार्थना की गयी है, उसकी तिथि | |
| 4) | क्या उक्त आदेश, आवेदक का कोई दोष न होते हुए भी, आवेदक को बिना सुने पारित किया गया है? (✓करें) | हाँ/नहीं |
| 5) | (i) क्या आयोग द्वारा प्रकरण की सुनवाई व निस्तारण नियत तिथि से भिन्न तिथि में कर दिया गया है?(✓करें) | हाँ/नहीं |
| | (ii)यदि हाँ, तो क्या आवेदक का कोई दोष न होते हुये भी वह उक्त सुनवाई में उपस्थित नहीं हो सका? (✓करें) | हाँ/नहीं |
| 6) | उक्त आदेश की जानकारी आवेदक को होने की तिथि | |
| 7) | आदेश वापसी के आधार | |
| 8) | अनुतोष | |

निम्न प्रपत्र संलग्न करें:–

1) जिस आदेश की वापसी की प्रार्थना की गयी है, उसकी प्रति
2) अन्य प्रपत्र, जिन पर आदेश वापसी प्रार्थना पत्र निर्भर हो

i)
ii)
iii)

<u>सत्यापन</u>

मैं ..........................................................(आवेदन कर्ता) पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री..............................................

निवासी ..........................................................................................एतद्‌द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने प्रश्नगत् आदेश के विरुद्ध कोई अन्य आदेश वापसी आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है और जहाँ

तक मेरी जानकारी और विश्वास है, इस प्रार्थना पत्र में उपलब्ध कराए गए ब्योरे सत्य एवं सही हैं और मैंने कोई सारवान तथ्य छुपाया नहीं है।

स्थानः
दिनॉक

आवेदक के हस्ताक्षर

परिशिष्ट–2

## आदेश वापसी आवेदन परीक्षण टिप्पणी

| | | |
|---|---|---|
| 1 | क्या आदेश वापसी आवेदन पर आवेदक के हस्ताक्षर हैं? | हाँ / नहीं |
| 2 | क्या आदेश वापसी आवेदन पठनीय है? | हाँ / नहीं |
| 3 | क्या आदेश वापसी आवेदन उ0प्र0 सूचना आयोग को सम्बोधित है? | हाँ / नहीं |
| 4 | क्या आदेश वापसी आवेदन मय संलग्नक दो प्रतियों में है? | हाँ / नहीं |
| 5 | क्या इस तथ्य का नियमानुसार सत्यापन किया गया है कि आवेदक ने प्रश्नगत् आदेश के विरुद्ध पूर्व में कोई अन्य आदेश वापसी आवेदन दायर नहीं किया है? | हाँ / नहीं |
| 6 | क्या आदेश वापसी आवेदन पत्र मय संलग्नक मानक आकार के पेपर में स्वच्छ हस्तलिखित या टाइप शुदा है? | हाँ / नहीं |
| 7 | क्या आदेश वापसी आवेदन की मूल प्रति संलग्न की गयी है? | हाँ / नहीं |
| 8 | क्या द्वितीय अपील / शिकायत की संख्या, जिसमें पारित आदेश के वापसी की प्रार्थना की गई है, अंकित की गयी है? | हाँ / नहीं |
| 9 | क्या आदेश, जिसकी वापसी हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, की प्रति संलग्न है? | हाँ / नहीं |
| 10 | आदेश वापसी आवेदन, आयोग द्वारा पारित आदेश से क्षुब्ध पक्षकार द्वारा प्रस्तुत न कर, किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किया गया है? | हाँ / नहीं |
| 11 | क्या प्रश्नगत् आदेश की जानकारी होने की तिथि का उल्लेख किया गया है? | हाँ / नहीं |
| 12 | क्या आदेश वापसी आवेदन, प्रश्नगत् आदेश की जानकारी आवेदक को होने की तिथि से तीस दिन के अन्दर प्रस्तुत है? | हाँ / नहीं |
| 13 | क्या आदेश वापसी आवेदन में उ0प्र0 सूचना का अधिकार नियमावली, 2015 के नियम–12 (1) में उल्लिखित किसी आधार का उल्लेख है? | हाँ / नहीं |
| 14 | यदि उपर्युक्त के अतिरिक्त अन्य कोई त्रुटि है तो नीचे उल्लेख करें:– | |

## परीक्षणकर्ता की संस्तुति

आदेश वापसी प्रार्थना पत्र में कोई त्रुटि नहीं है तथा यह पंजीकरण करने योग्य है। इसको सुनवाई कक्ष सं0.................को भेजा जाए।

अथवा

आदेश वापसी प्रार्थना पत्र में उपर्युक्त अंकित त्रुटियाँ (बिन्दु संख्या–13 को छोड़कर) हैं तथा इन त्रुटियों का उल्लेख करते हुए इसको वापस किया जाए।

परीक्षणकर्ता के हस्ताक्षर

मैंने उपर्युक्त आदेश वापसी प्रार्थना पत्र का परीक्षण किया है तथा आवेदक द्वारा नियमावली के नियम–12 के तहत प्रस्तुत आवेदन पर फ्लैग लगा दिया गया है।

परीक्षणकर्ता के हस्ताक्षर

आदेश वापसी प्रार्थना पत्र को पंजीकृत कर सुनवाई संख्या ..........को भेजा जाये।

अथवा

आदेश वापसी प्रार्थना पत्र त्रुटिपूर्ण है। त्रुटियॉ इंगित करते हुए इसे आवेदक को वापिस करें।

रजिस्ट्रार